अमर उजाला
18-09-2025

विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विवि की मेरिट सूची में पाया स्थान

छावनी के जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मेरिट सूची में स्थान पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। धर्मेंद्र कुमार ने 406 अंकों के साथ विश्वविद्यालय में द्वितीय और छात्रा शिवांगी शर्मा ने 398 अंकों के साथ विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया।

इसी तरह छात्रा अंकुर ने 391 अंकों के साथ विश्वविद्यालय में सातवां स्थान और छात्रा रूशल ने 390 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज में कॅरिअर काउंसलिंग सत्र एवं छात्रवृति टेस्ट का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कॉलेज की ओर से इंदिरा पार्क के निकट स्वच्छता अभियान आयोजित किया। कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। शिक्षक व छात्रों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके पूर्व कॉलेज में अंतर विभागीय विशेष कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीड कीपर्स नामक सशक्त वृत्तचित्र का प्रदर्शन और डाउन टू अर्थ की वीडियो प्रस्तुति रही। दोनों ने ही देशज बीजों के संरक्षण, सतत एवं जैविक कृषि पद्धतियों को अपनाने और जैव विविधता की रक्षा के महत्व को उजागर किया। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना की।